गुरुग्राम
सोमवार
06 मार्च, 2023
वर्ष 11, अंक 64
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com





जनऔषधि केंद्रों का अधिक से अधिक हो प्रचार : सुधीर सिंगला

# एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन अरावली यात्रा एवं वस्त्र वितरण गतिविधि का आयोजन



**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**

**बल्लबगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की एन.एस.एस. की तीनों इकाईयों द्वारा 04 मार्च से 10 मार्च 2023 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन महाविद्यालय आचार्य डॉ. कृष्णकांत के दिशा निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। आज दिनांक 05 मार्च 2023 को शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत आर्थना, योगा, व्यायाम, कसरत इत्यादि से हुई। तत्पश्चात कुछ स्वयंसेवको ने खेल कार्यक्रमों में भाग लिया जिसमें खो-खो, क्रिक:ट, बैडमिंटन इत्यादि खेल कार्यक्रम शामिल रहे। आज दूसरे दिन एनएसएस.के 50 स्वयंसेवकों ने अरावली यात्रा की। जो सेव अरावली ट्रस्ट नामक एनजीओ. के सहयोग से स्वयंसेवकों को अरावली के जंगलों, पहाड़ियों के आति संरक्षण व जागरूक कर स्वयंसेवकों को जंगलों की दशा और उपयोगिता दिखाना और उनके संरक्षण के लिए हर संभव आयास करना है। सेव अरावली ट्रस्ट ने स्वयंसेवकों को बताया की पारिस्थितिक संतुलन के लिए जंगल व पहाड़ कितने जरूरी हैं और जिस आकृति ने हमें इतने संसाधन दिए जिसका हम भोग कर रहे हैं, तो अब समय है हम अपनी धरती माँ की सुरक्षा करें और कर्ज चुकाएं। साथ ही साथ आज ही के दिन स्वयंसेवकों के लिए एक व्याख्यान ''सामाजिक जागरूकता भ्रष्टाचार उन्मूलन और चरित्र निर्माण'' पर आयोजित कराया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवक और सतर्कता अधिकारी श्री बृजपाल जी द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि को पौधा भेंट कर की गई, उन्होंने कहा कि सामाजिक जागरूकता लाना हमारी जिम्मेदारी है, जिसमें युवाओं का आतिशत सबसे अधिक है इसलिए हमें अपने उत्तरदायित्व को समझना चाहिए। उन्होंने कहा है कि इसके लिए सबसे अच्छा संगठन एनएसएस. है जोकि समाज सेवा के साथ जुड़कर समाज के कार्य करता है और जागरूकता लाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया की किस तरह से भ्रष्टाचार का उन्मूलन किया जा सकता है। साथ ही आज ही के दिन महाविद्यालय की एनएसएस. इकाईयों द्वारा पटेल नगर की बस्ती में जाकर बच्चों को कपड़े भेंट कर सभी स्वयंसेवकों को आनन्द की अनुभूति आप्त हुई। महाविद्यालय आचार्य डॉ. कृष्णकांत ने सभी कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सुआिया ढांडा, डॉ. सीमा मलिक और स्वयंसेवकों को इस नेक काम के लिए बधाई व शुभकामनाएँ दी।